*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी जयंती पर गांधी उत्सव 'सम्मान 2025' का शुभारंभ

पंतनगर। 26 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय में 2 अक्टूबर 2025 को मनाये जाने वाली महात्मा गाँधी जी की 156वीं जयंती के अवसर पर गाँधी भवन छात्रावास में गाँधी उत्सव 'सम्मान 2025' का उद्घाटन सद्भावना दौड़ के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में गाँधी भवन की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में गाँधी भवन की वार्डन डा. विनीता राठौर, मुख्य छात्रावास अभिरक्षक एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चंद्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्रभारी शारीरिक शिक्षा अनुभाग डा. एन.के. सिंह तथा सह–प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन सहायक वार्डन विनिता कश्यप, ए.जी.एस. प्रियंका बिष्ट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सद्भावना दौड़ में निहारिका, अंजलि, रेनू एवं प्राची ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किये। समिति के सदस्य तनु, पायल, ऋतु, सोनी, हिमानी एवं गर्विता तथा हॉस्टल प्रबंधक श्री कमलेश प्रधान एवं सहायक हॉस्टल प्रबंधक श्री नंदा बल्लभ चन्दोला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के आदर्शों को आत्मसात करने, सौहार्द एवं सहयोग की भावना को जीवन में उतारने तथा छात्राओं को समाज व राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया।

